<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 16.03.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- विधानसभा से 1 लाख 58 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का विनियोग विधेयक पारित, अबुआ बजट पर लगी मुहर।
- पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय जहाज एलपीजी लेकर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंचा, सरकार ने कहा–देश में पर्याप्त स्टॉक, अफवाहों और जमाखोरी पर कड़ी नजर।
- रांची में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला का समापन, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किसानों को नई तकनीक से जोड़ने का किया आह्वान।
- रांची और धनबाद समेत कई जिलों में मौसम का मिजाज बदला, बारिश और ओलावृष्टि से मिली गर्मी से राहत, 17 जिलों के लिए औरेंज अलर्ट जारी।
- भुवनेश्वर में आयोजित 26वीं यूथ नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का शानदार प्रदर्शन, केरल पर दर्ज की रोमांचक जीत।

****

विधानसभा ने आज वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए विनियोग विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकार को एक लाख 58 हजार करोड़ रुपये से अधिक के अबुआ दिशोम बजट को खर्च करने का अधिकार मिल गया है। सदन में चर्चा के दौरान सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और जनहितकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया।

****

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रिम्स–2 के निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस परियोजना के लिए आदिवासियों की जमीन का अधिग्रहण न किया जाए। मरांडी ने कहा कि विकास के नाम पर आदिवासियों को विस्थापित करना गलत है और सरकार को किसी अन्य सरकारी भूमि पर अस्पताल बनाना चाहिए।

****

पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी कैरियर जहाज शिवालिक कतर से गैस लेकर भारत पहुंच गया है। यह जहाज आज शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी है, जो 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

****

विधानसभा परिसर में आज स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की और इसे महान पुण्य कार्य बताया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो और कई मंत्रियों ने भी हिस्सा लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी से नियमित रूप से रक्तदान करने और दूसरों का जीवन बचाने की अपील की।

****

चतरा लोकसभा क्षेत्र को प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत 127 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात मिली है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्र भेजकर 11 नई सड़कों और 32 पुलों के निर्माण की मंजूरी दी है। सांसद कालीचरण सिंह ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए इसे क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के लिए मील का पत्थर बताया।

****

धनबाद के मेयर संजीव सिंह ने आज विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मेयर ने इसे एक शिष्टाचार भेंट बताते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ धनबाद नगर निगम की विभिन्न समस्याओं और विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

****

धनबाद पुलिस के बेड़े में आज 85 नए वाहन शामिल किए गए। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने 40 चार पहिया और 45 दो पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर थानों के लिए रवाना किया। इन आधुनिक वाहनों से जिले में पुलिस गश्ती तेज होगी और अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।

****

रांची में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला–2026 के समापन पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कृषि शोध को सीधे खेतों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने वैज्ञानिकों को किसानों से संवाद करने और मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

****

रांची विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन सभागार में कल से दो दिवसीय राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन होगा। माय भारत झारखंड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का विषय केंद्रीय बजट 2026 और विकसित भारत रखा गया है। इसमें राज्य के सभी जिलों से चयनित 18 से 25 वर्ष के युवा हिस्सा लेंगे। शीर्ष तीन विजेताओं को नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय युवा संसद में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

****

हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने शांति समिति की बैठक की। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जर्जर सड़कों और झूलते तारों को दुरुस्त करने का भरोसा दिलाया।

वहीं, एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल तैनात रहेंगे और जमा मस्जिद चौक समेत मुख्य प्रवेश द्वारों पर निगरानी मंच बनाए जाएंगे।

****

राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में आज दोपहर बाद मौसम ने करवट ली। काले बादलों की वजह से दिन में ही अंधेरा छा गया और झमाझम बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने रांची और खूंटी सहित राज्य के 17 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए आंधी–ओले और वज्रपात की चेतावनी दी है। इस बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

****

भुवनेश्वर में आयोजित 26वीं यूथ नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड ने केरल को एक के मुकाबले तीन सेट से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। पहला सेट हारने के बाद, झारखंड ने जोरदार वापसी करते हुए अगले तीनों सेट 25–23, 25–23 और 36–34 से अपने नाम किए।

****

रांची में कल से 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय पुलिस खेल–कूद प्रतियोगिता शुरू हो रही है। इसमें बतौर मुख्य अतिथि डीजीपी तदाशा मिश्रा शामिल होंगी। 19 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन में महिला और पुरुषों की 26 टीमें हिस्सा लेंगी। जैप–1, होटवार और मोरहाबादी के विभिन्न स्टेडियमों में फुटबॉल, एथलेटिक्स और कुश्ती समेत कई मुकाबले होंगे, जिनमें दो हजार से अधिक प्रतिभागी अपना कौशल दिखाएंगे।

********समाप्त*********